प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

............................

जयपुर 18 नवंबर को अपनी स्थापना के 297 साल पूरे करेगा। इस उपलक्ष्य में आज से जयपुर स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत हो गई है, जो 18 नवंबर तक चलेगी। समारोह का आगाज मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा–अर्चना से किया गया, इसके बाद गंगापोल गेट पर भगवान श्रीगणेश की पूजा की गई। स्थापना दिवस के अवसर पर गोविंद देवजी मंदिर में कथक नृत्य का आयोजन किया जाएगा, जो राजस्थानी संस्कृति और सभ्यता की झलक पेश करेगा। इस मौके पर कार्यवाहक महापौर कुसुम यादव ने कहा कि जयपुर अपनी अनोखी पहचान के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का पहला ऐसा नियोजित शहर है, जिसका नक्शा पहले तैयार किया गया और फिर इसकी स्थापना की गई। महाराजा जयसिंह द्वितीय ने 18 नवंबर 1727 को जयपुर की स्थापना की थी। हेरिटेज नगर निगम भी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा, जो एक माह तक जारी रहेंगे। जिनमें 21 अक्टूबर को जल महल की पाल पर सांस्कृतिक संध्या, 22 अक्टूबर को बड़ी चौपड़ पर कव्वाली का कार्यक्रम और 3 नवंबर को स्टैच्यू सर्किल पर सवाई जयसिंह जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

............................

ऑनलाइन घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सरकार और मेटा ने मिलकर "धोखाधड़ी से बचो" अभियान शुरु किया है। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कल नई दिल्ली में इस अभियान के उद्घाटन अवसर पर कहा कि यह पहल ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए एक ज़रूरी कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल सुरक्षा और सतर्कता को बढ़ावा देना चाहती है। मेटा की यह पहल इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के सहयोग से शुरू की गई है।

............................

रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन कर दी है। अब अग्रिम टिकट दो महीने पहले ही लिए जा सकेंगे। यह बदलाव पहली नवंबर से लागू होगा। हालांकि, इस महीने की 31 तारीख़ तक चार महीने बाद तक की टिकट ली जा सकेगी। ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस के मामले में कोई परिवर्तन नहीं होगा क्योंकि इन रेलगाड़ियों की अग्रिम आरक्षण अवधि पहले से ही कम है। वहीं, विदेशी पर्यटकों के लिए अग्रिम आरक्षण की समय–सीमा 365 दिन बनी रहेगी।

............................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की आरएएस और अधीनस्थ सेवा भर्ती– 2024 के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की आज अंतिम तारीख है। आवेदन रात 12 बजे तक किए जा सकेंगे। आरएएस और अधीनस्थ सेवा भर्ती के सचिव रामनिवास ने बताया कि राज्य सेवा में 346 और अधीनस्थ सेवा में 387 पद शामिल किए गए हैं। प्रारंभिक परीक्षा दो फरवरी 2025 को होगी। हालांकि, आरएएस एग्जाम की मुख्य परीक्षा का परिणाम आना अभी बाकी है।

............................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 27वां लोकरंग महोत्सव आज से शुरू होगा। 11 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला लगाया जायेगा। राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का आयोजन शिल्प ग्राम में किया जाएगा। महोत्सव में 24 राज्यों के लगभग 4 हजार कलाकार हिस्सा लेंगे। ग्रामीण गैर कृषि विकास अभिकरण–रूडा के सहयोग से मेले में 100 से ज्यादा हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की स्टॉल्स लगेंगी। इनमें पुरस्कार प्राप्त दस्तकारों के उत्पाद भी शामिल हैं। इस दौरान विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजनों के स्टॉल्स भी लगाये जाएंगे।

............................

हरमनप्रीत कौर को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ इस महीने की 24 तारीख से शुरू होने वाली एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए महिला टीम की कप्तान के रूप में बरकरार रखा गया है। इस श्रृंखला के लिए चार

अनकैप्ड खिलाडियों को भी चुना गया है। भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच अहमदाबाद में खेली जाने वाली इस श्रृंखला के साथ ही अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी भी शुरू हो जाएगी।

............................

भारत के अर्जुन एरिगैसी ने शतरंज मास्टर्स कप जीत लिया है। लंदन में हुए फाइनल में, कल अर्जुन ने मैक्सिम वाशियर–लाग्रेव को शिकस्त दी। 16 खिलाड़ियों के इस नॉकआउट टूर्नामेंट को जीतकर अर्जुन अब फिडे सर्किट में शीर्ष पर हैं। अब वे सर्बिया में रविवार से शुरू हो रहे यूरोपीय शतरंज क्लब कप में चुनौती पेश करेंगे।

............................